क्रिकेट | डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में करनल और नदीम बने मैन ऑफ द मैच

# खमरिया 11 और आर जी बॉयज की शानदार जीत






**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय आर.एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत 24 अप्रैल को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में खमरिया 11 का सामना सरस्वती 11 से हुआ, जबकि दूसरे मैच में आर जी बॉयज और पडवार जी 11 आमने-सामने रहे। पहले मुकाबले में सरस्वती 11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। खमरिया 11 ने निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 129 रन बनाए। टीम की ओर से करनल ने 14 गेंदों पर 32 रनों की तेज पारी खेली। जवाब में सरस्वती 11 की टीम 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर मात्र 70 रन ही बना सकी। इस तरह खमरिया 11 ने 59 रनों से शानदार जीत दर्ज की। करनल ने गेंदबाजी में भी 2 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट हासिल किए और मैन ऑफ द मैच बने।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंटक यूनियन खमरिया की ऋचा सिंह और सविता ठाकुर उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में ऑर्डनेंस फैक्ट्री अंबाझरी से एनडीईयूए यूनियन के महामंत्री दिनेश कांटे, अध्यक्ष संतोष शेल्के सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका जसवंत, अपूर्व श्रीवास्तव, भूपेंद्र और निखिल यादव ने निभाई। आयोजन में यूनियन के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

### पडवार जी 8 विकेट खोकर 73 रन ही बना सकी

दूसरे मुकाबले में आर जी बॉयज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 82 रन बनाए। नदीम ने 17 गेंदों पर 30 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पडवार जी 11 की टीम 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर 73 रन ही बना सकी। आर जी बॉयज के नदीम ने गेंदबाजी में भी 2 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच घोषित किए गए।

## नि :शुल्क ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण शिविर 1 मई से

**नवभारत,जबलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा एमपी ओलंपिक संघ के तत्वावधान में 1 मई से 15 जून तक रानीताल खेल परिसर में निशुल्क ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जबलपुर कॉरपोरेशन एवं जबलपुर जिला कबड्डी संघ के संयुक्त सहयोग से संचालित होगा। संघ के अध्यक्ष एवं मप्र कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह 'पप्पू' तथा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण शिविर में सुबह और शाम दोनों समय अभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे। संघ के संयोजक शानू यादव ने बताया कि शिविर में इंटरनेशनल खिलाड़ी एवं एकलव्य अवॉर्डी मोना सेंगर तथा एनआईएस कोच नीरज कुमार (सिविल सर्विसेज) खिलाड़ियों को कबड्डी की बारीकियों का प्रशिक्षण देंगे।



# ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

▸ शिविर में राष्ट्रीय स्तर की तैयारी का लक्ष्य

**नवभारत,जबलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शालेय शिक्षा विभाग, क्रीड़ा भारती महानगर तथा जिला जूडो संघ के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। जिला जूडो एसोसिएशन अध्यक्ष रवि गुप्ता के अनुसार इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को तराशकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि रत्नेश सोनकर (नगर अध्यक्ष, भाजपा) ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज दुबे (नगर महामंत्री, भाजपा), प्रवीण वर्मा (नगर अध्यक्ष), उमा शंकर पटेल (क्रीड़ा भारती, जबलपुर), अंतर्राष्ट्रीय जूडो मेडलिस्ट शुमायला अंजुम तथा राहुल दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मालपानी स्कूल के प्राचार्य राजकुमार मिश्रा ने की। अतिथियों का स्वागत पौधों भेंट कर किया गया। जिला संघ के सचिव एवं वरिष्ठ कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि शिविर में म.प्र. शासन की योजना 'आरोह-2026' कैलेंडर के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत मई-जून के वीकेंड्स पर विशेष सत्र आयोजित होंगे, जिनमें फिट इंडिया मूवमेंट, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक गतिविधियों पर फोकस रहेगा। शिविर के समापन पर जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिससे नवोदित खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच मिलेगा।

### शिक्षा के साथ खेल में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा

अतिथियों ने अपने संबोधन में जूडो को अनुशासन और आत्मरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए खिलाड़ियों को शिक्षा के साथ खेल में भी समर्पण से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बिट्टू सोनकर, सत्येंद्र गुरु, एडवोकेट अताउर्रेहमान अंसारी, विवेक व्यास, तावेज़ अली, बुशरा अंजुम सहित अन्य सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा।

# गर्मियों के दौरान जबलपुर होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने और यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से होकर गाड़ी संख्या 01109 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-आसनसोल जंक्शन के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल पर ठहराव इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर है। गाड़ी संख्या 01109 सीएसएमटी से आसनसोल स्पेशल ट्रेन का संचालन शनिवार 25 अप्रैल को एक तरफ़ा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 14:30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन इटारसी 04:05 बजे, जबलपुर 07:50 बजे, कटनी 09:35 बजे, सतना 11:10 बजे, पहुँचकर और तीसरे दिन सोमवार भोर 04:40 बजे आसनसोल जंक्शन पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 14 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, एवं 02 एसएलआरडी कोच सहित कुल 22 कोचेस होंगे।

### ट्रेन के हॉल्ट

यह गाड़ी दादर सेंट्रल, ठाणे, कल्याण जंक्शन, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल जंक्शन, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, कटनी जंक्शन, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम जंक्शन, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जंक्शन गोमो, धनबाद जंक्शन एवं प्रधान खांटा जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

## हत्या करने के इरादे से युवक पर हमला

**नवभारत,जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महरापुर व्हील मोड पर हत्या करने के इरादे से बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया और धमकाते हुए फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक अभिषेक पाण्डे 26 वर्ष निवासी वेलकम कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह फोटोग्राफी करता हैं रात 11-10 बजे महरापुर व्हील मोड शराब दुकान के पास स्थित किराना दुकान में सामान लेने गया था तभी उसका दोस्त मिला तो वह अपने दोस्त से खडे होकर बात करने लगा वहीं पर शुभम मिश्रा अपने दो दोस्तों के साथ खडा था, उसे देखकर शुभम मिश्रा उसके पास आया और कहने लगा तू बहुत उड रहा है,तीनों ने उसके साथ हाथ मुक्को से मारपीट किये शुभम मिश्रा ने उसकी हत्या करने की नीयत से उसके पेट पर चाकू से हमला किया।

# कप्तान ने लिया जनरल परेड का लिया जायजा, करवाई स्क्वॉड ड्रिल

**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस लाईन्स स्थित परेड ग्राउंड जनरल परेड का पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने निरीक्षण किया। एसपी के परेड ग्राउंड पहुंचने पर सूबेदार अमित शिववंशी द्वारा सलामी दी गयी, तत्पश्चात परेड प्रारम्भ हुई। जनरल परेड के बाद अधिकारी, कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुये अच्छे टर्नाउट वाले कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया गया। इसके बाद प्लाटूनों द्वारा की गयी अलग-अलग ड्रिल, आर्म्स ड्रिल एवं यातायात प्लाटून द्वारा की गयी मैनुअल यातायात संकेत ड्रिल को देखा गया। इस दौरान एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी अपराध जतेन्द्र सिंह, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, सहित जिले में पदस्थ समस्त



राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी शहर, देहात सहित थानो से लगे 240 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। परेड पश्चात आपने पुलिस लाईन स्थित जिम का भी निरीक्षण किया।

# आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों पर चर्चा

**डुमना एयरपोर्ट पर एरोड्रम कमेटी की बैठक आयोजित**



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर आज सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने की। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैधानिक हस्तक्षेप को रोकना और सुरक्षा व्यवस्थाओं को अभेद्य बनाना रहा। इस दौरान एयरपोर्ट सुरक्षा से जुड़े विभिन्न उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई और यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी अवांछित घटना की स्थिति में जिला प्रशासन और एयरपोर्ट अथॉरिटी के बीच त्वरित समन्वय स्थापित रहे, ताकि तत्काल प्रभाव से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सके। उड्डयन सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत नागरिक सुरक्षा और हाईजैकिंग जैसे गंभीर घटनाक्रमों के प्रबंधन के लिए गठित चार प्रमुख समितियों में से एरोड्रम कमेटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि यदि भविष्य में कभी भी ऐसी कोई आपातकालीन स्थिति निर्मित होती है, तो एटीसी से सूचना प्राप्त होते ही यह कमेटी बिना किसी विलंब के सक्रिय हो जाएगी। कलेक्टर ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा, त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य अनिवार्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्राथमिकता रहेगी। यह समिति संकट के समय जिला प्रशासन और उड्डयन विभाग के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करेगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को हर हाल में बरकरार रखा जा सके। एरोड्रम कमेटी की इस उच्च स्तरीय बैठक में एयरपोर्ट डायरेक्टर सहित समिति के सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# क्राइस्ट चर्च एलुमनाई एसोसिएशन की बैडमिंटन प्रतियोगिता आज

**नवभारत,जबलपुर।** क्राइस्ट चर्च स्कूल एलुमनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में आज रविवार को नयागांव स्थित शर्मा हाउस में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पिछले 26 वर्षों से आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता का यह 15वां संस्करण है, जिसमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। प्रतियोगिता में एडवोकेट गिरीश श्रीवास्तव, ज्ञान आहूजा, परमिंदर भाटिया, डॉ. सुनील बहल और रोहित खन्ना सहित कई वरिष्ठ सदस्य खिलाड़ी के रूप में शामिल होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष रमिंदर सिंह चोपड़ा और सचिव अमित वेगड़ ने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। प्रतियोगिता के मुख्य रेफरी समर गायकवाड़ होंगे, जबकि उनके सहयोगी के रूप में रंजय मदान, रूपेश बागमार, दीपक वर्मा, शालू खुराना, शैलेश गुलाटी और प्रवीण जायसवाल उपस्थित रहेंगे। एसोसिएशन का खेल गतिविधियों के साथ-साथ अन्य सामाजिक आयोजनों में भी सक्रिय योगदान रहा है।

# नारायणा कोचिंग ने जेईई मेन्स में किया शानदार प्रदर्शन



**नवभारत,जबलपुर।** नारायणा कोचिंग ने जेईई मेन्स 2026 के परिणाम में ऐतिहासिक सफलता दर्ज करते हुए अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। संस्थान की छात्रा आसना एम ने ऑल इंडिया गर्ल्स कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर देशभर में गौरव बढ़ाया। इसके साथ ही विभिन्न विषयों में 60 छात्रों ने 100 परसेंटाइल हासिल किए। ऑल इंडिया रैंक 100 में ओपन कैटेगरी के 29 छात्र शामिल रहे, जबकि एआईआर 1000 में 171 छात्रों ने अपनी जगह बनाई। जबलपुर सेंटर के 19 छात्रों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जिनमें देव कुंदनानी ने 98.77, अथर्व श्रीवास्तव ने 98.22, नयन लखेरा ने 97.64, श्रृष्टि शुक्ला ने 96.52, आशी सिंह ने 95.63 और विश्वरूप शर्मा ने 94.26 परसेंटाइल प्राप्त किए। सेंटर हेड रीतेश कुमार ने इस सफलता को छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया, वहीं ब्रांच मैनेजर सत्य प्रकाश पांडे ने कहा कि यह उपलब्धि नारायणा की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और छात्रों के संकल्प का प्रतिफल है तथा भविष्य में भी ऐसे ही परिणाम जारी रहेंगे।

**पश्चिम मध्य रेल**
**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**
**खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु निर्धारित ई निविदा. आमंत्रित करते है। **क्र. सं. 1 निविदा सूचना कमांक** :रू जबल-एन-सिग,-टेण्डर-2026-16, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन के सतना-रीवा खंड में टर्नआउट नवीनीकरण से संबंधित संकेत एवं दूरसंचार कार्य (सिग्नलिंग कार्य), **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में)** : रु 16702739.59, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये)** : रु 00/-, **कार्यालय का पता** : मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, 'जबलपुर, **बयाना राशि रुपये** : रु 334100/-, **समापन अवधि (माह)** : 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय** : दिनांक 22.05.2026 को 15. 00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। **क्र. सं. 2 निविदा सूचना कमांक** : जबल-एन-सिग,-टेण्डर-2026-17, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन के मझगवां स्टेशन पर लाइनों के सीएसएल/सीएसआर को बढ़ाने के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में)** : रु 4444180.06, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये)** : रु 00/-, **कार्यालय का पता** : मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रुपये** : रु 88900/-, **समापन अवधि (माह)** : 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय** : दिनांक 22.05.2026 को 15. 00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे बेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक. (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त बेबसाइट से ओनलाईन आवेदन की जा सकती है।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक(संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पाटन जिला जबलपुर**
क्रंमाक/274/ रीडर-2/अ.वि.अ./2026
पाटन, दिनांक 24.04.2026
रा.प्र.क./0016/बी-121/2026-27
**|| स्थगन आदेश ||**

आवेदिका आराधना साहू बेवा वीरेंद्र कुमार साहू निवासी ग्राम बिलखिरवा तहसील पाटन जिला जबलपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि मौजा पड़रिया पटवारी हल्का नं. बिलखिरवा रा.नि.म. कटंगी तहसील कटंगी जिला जबलपुर लपुर में स्थित भूमि का खसरा नं. 167/2 रकवा 0.80 हे. भूमि संयुक्त नाम से दर्ज है। उक्त भूमि मेरे पति स्व. वीरेंद्र साहू द्वारा विक्रेता राम मिलन पिता कोदू लाल से जमीन मौजा पड़रिया पटवारी हल्का नं. 37 रा.नि.म. कटंगी तहसील पाटन जिला जबलपुर में स्थित भूमि का खसरा नं. 167 रकवा 0.83 हे. में से 0.80 हे. भूमि वर्ष 2007 में क्रय की थी। एवं उक्त भूमि क्रय करने से लेकर वर्तमान समय में काबिज कास्त है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में उक्त खसरा नं. 167 रकवा 0.83 हे. भूमि विक्रेता राम मिलन पिता कोवू लाल के नाम पर प्रदर्शित हो रहे है जो कि त्रुटि पूर्ण है जबकि नामांतरण पश्चात विक्रेता का शेष भाग 0.03 हे. होना चाहिए था। उक्त भूमि पर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रकरण क्रमांक FA-670/2016 लंबित है जिसकी प्रति संलग्न है। उक्त प्रकरण में आदेश दिनांक 05.07.2017 को यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा दिया गया है जिसकी प्रति संलग्न है। ग्रामवासियों से यह जानकारी प्राप्त हुई की विक्रेता राम मिलन पिता कोदू लाल के द्वारा उक्त भूमि की विक्रय करने की संभावना है। अगर उक्त भूमि का विक्रय हो जाता है तो वाद विवाद की स्थिति बन सकती है। एवं आवेदक को भारी क्षति होने की संभावना है। आवेदिका द्वारा खसरा नं. 167 रकवा 0.83 हे. भूमि के रिकार्ड सुधार के पूर्व क्रय-विक्रय पर रोक लगाने हेतु आवेदन पत्र सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका को सुना गया, न्यायहित मौजा पड़रिया पटवारी हल्का नं. 37 रा.नि.म. कटंगी तहसील पाटन जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 167 रकवा 0.83 हे. भूमि के कय-विक्रय पर आगामी आदेश तक रोक लगाई जाती है। यथास्थिति बनाये रखें।

नियत दिनांक 07/05/2026

अनुविभागीय अधिकारी ( रा ),
पाटन जिला जबलपुर पाटन,
मोहर दिनांक 24.04.2026

# मनोरंजन का पर्याय बने अमर शहीद स्मृति मेले का शुभारंभ आज

**नवभारत, जबलपुर।** अनेक वर्षों से स्वत मनोरंजक का पर्याय बने अमर शहीद स्मृति मेले का आज 26 अप्रैल 2026 सायंकाल 7:30 बजे भव्य शुभारभ होगा। महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस मेले का नागरिक, युवा और बच्चे बेसब्री से इंतजार करते हैं। अमर शहीदों की स्मृति में इस मेले का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, सांसद आशीष दुबे, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, युवा समाजसेवी बाबू विश्वमोहन, पूर्व विधायक नित्य निरंजन खंपरिया, पार्षद अयोध्या तिवारी द्वारा मंगलाचरण एवं पुष्पवर्षा के बीच होगा। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अनेक राज्यों के क्राफ्ट स्टॉल, विभिन्न प्रकार के देशी - विदेशी झूले, स्वादिष्ट व्यंजन बच्चे ही नहीं युवा और महिलाओं के भी आकर्षण का केंद्र हैं। शहीद स्मारक ट्रस्ट की ओर से संयोजक जादूगर एस के निगम, विजय जायसवाल, मनीष जायसवाल, बच्चन श्रीवास्तव ने अधिक से अधिक लोगों से उपस्थिति का आग्रह किया है।



श्रेया विश्वकर्मा, बारहवीं ( एमपीबोर्ड ) 94.4%
पेरेंट्स: रंजीता - नरेंद्र विश्वकर्मा



साहिल मेहरा, दसवीं ( एमपीबोर्ड ) उत्तीर्ण
पेरेंट्स: रानू - रामकृष्ण मेहरा



## आदित्य नामदेव का निधन

**नवभारत, जबलपुर।** सदर किंग्सवे रोड सदर बाज़ार निवासी आदित्य नामदेव का 21 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे आशीष नामदेव के सुपुत्र रहे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्ति धाम में संपन्न हुआ।

विरोध | गेहूं उपार्जन में अव्यवस्थाओं और समस्याओं को लेकर विरोध

# बड़े और मझोले किसानों की खरीदी अभी तक नहीं हुई शुरू

**नवभारत,जबलपुर।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जारी गेहूं उपार्जन व्यवस्था में अव्यवस्थाओं और किसानों की समस्याओं के विरोध में शुक्रवार को भारतीय किसान संघ, जबलपुर के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटैल ने बताया कि सैटेलाइट पंजीयन सत्यापन में देरी के कारण छोटे किसानों की स्लॉट बुकिंग प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है, जबकि बड़े और मंझोले किसानों की खरीदी अभी तक शुरू नहीं हुई है। संघ ने मांग की कि 2 हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले




किसानों की गेहूं खरीदी तत्काल प्रारंभ की जाए और उपार्जन का विस्तृत कार्यक्रम घोषित किया जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि 5 दिनों के भीतर सरकार और प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष रामदास पटैल, जिला सह मंत्री सुनील पटैल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटैल, पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटैल, शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष प्रेमचंद कुर्मी, जिला प्रचार प्रमुख भरत पटैल, सुजीत पटैल, विनय पटैल, निषांत पटैल, सुखविंदर सिंह, मनोज पटैल, सुनील पटैल, सरपंच घनश्याम सिंह, देवीदीन सेन, अजय पटैल सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### तुलाई की क्षमता 3000 क्विंटल बढ़ाई जाए

संघ ने यह भी मांग रखी कि प्रतिदिन खरीदी केंद्रों पर तुलाई की क्षमता 3000 क्विंटल बढ़ाई जाए, स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 20 मई तथा खरीदी की अंतिम तिथि 31 मई की जाए। कुंडम तहसील के किसानों ने तिलसानी में नया खरीदी केंद्र खोलने की मांग रखी। जिला सह मंत्री एवं पाटन के उन्नत किसान सुनील पटैल ने कहा कि सरकार को अपने 'एक-एक दाना खरीदने' के वादे को पूरा करना चाहिए। उन्होंने सभी पंजीकृत किसानों से चना और गेहूं की संपूर्ण खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की।